उ0प्र0 विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित डा0 आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछा गया तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर।

| क्र०सं० | विषय | उत्तरालेख्य |
|---|---|---|
| 14(क) | क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-आगरा में फतेहाबाद रोड पर स्थित फाइव स्टार होटल मुगल शेरेटन के द्वारा जनता के फुटपाथ पर कब्जा कर उसमें अपनी बाउंड्री वॉल के बगल में एक नई लोहे की बाउंड्री वॉल का निर्माण कराकर पेड़ पौधे लगा दिए गये हैं? | आगरा-फतेहाबाद (राज्य मार्ग सं०-62) के किमी०-5 पर स्थित मुगल होटल की चाहरदीवारी लगभग वर्ष 1960 से निर्मित थी। उक्त मार्ग पर आगरा मेट्रो निर्माण के दौरान आगरा मेट्रो द्वारा होटल की चाहरदीवारी अपनी बड़ी मशीनों को रखने के लिए तोड़ी गयी थी, जिसका पुनः निर्माण उसी स्थान पर किया गया है।<br>राजस्व अभिलेखों के अनुसार मार्ग की चौड़ाई 26 मीटर है। आई०टी०सी० मुगल होटल के सामने की गयी माप में भी मार्ग की चौड़ाई उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार पायी गयी है। |
| (ख) | उक्त के कारण जनता को सड़क पर चलना पड़ता है और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) | इस होटल के पूर्व और पश्चात में जनता का फुटपाथ आज भी मौजूद है परन्त होटल के द्वारा सरकारी सड़क की जमीन कब्जा ली गई है? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | मुगल शेरेटन होटल के द्वारा अवैध रूप से जनता के फुटपाथ को कब्जा कर जिस जमीन में पेड़ पौधे लगाकर जमीन घेर ली गई है उसे कब तक मुक्त करायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**